# बुजुर्ग दंपत्ति को डिजिटल अरेस्ट करके 76 लाख रु. ठगने वाले शातिर बदमाश गिरफ्तार

## स्टेट क्राइम ब्रांच पुलिस ने दोनों बदमाशों को दिल्ली-एन.सी.आर. से दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । स्टेट साइबर क्राइम थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर जयपुर के बुजुर्ग दंपती से 76 लाख रुपए की साइबर ठगी करने वाले दो आरोपियों को दिल्ली-एनसीआर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने खुद को पुलिस, एटीएस और एनआईए अधिकारी बताकर दंपती को आतंकवादी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसाने की धमकी दी थी। पुलिस ने बैंकिंग ट्रेल का तत्काल विश्लेषण कर ठगी की रकम में से करीब 50 लाख रुपए होल्ड करवाए हैं।

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जयपुर निवासी बुजुर्ग ने 14 अगस्त को स्टेट साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 5 अगस्त को उनकी पत्नी के मोबाइल पर वाट्सऐप कॉल आया। इसके बाद अलग-अलग मोबाइल नंबरों से आरोपियों ने पुलिस, एटीएस और एनआईए अधिकारी बनकर बात की। आरोपियों ने आधार कार्ड के



आरोपी अखंड प्रताप और सतपाल सिंह

दुरुपयोग से आतंकवादी गतिविधियों और करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग होने की बात कहकर दंपती को परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई का डर दिखाया।

आरोपियों ने वाट्सऐप पर कथित एनआईए का नोटिस भेजकर कुछ दिनों में एनओसी और सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी कराने का झांसा दिया। इसके बाद लगातार वाट्सऐप वॉइस और वीडियो कॉल के जरिए दंपती पर निगरानी रखी गई। डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर उनके फिक्स्ड डिपॉजिट और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की जानकारी और तस्वीरें मंगवाई गईं। दबाव में

- आरोपियों ने दंपत्ति को आतंकवादी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसाने की धमकी दी थी
- पुलिस ने बैंकिंग ट्रेल का तत्काल विश्लेषण कर ठगी की रकम में से करीब 50 लाख रुपए होल्ड करवाए हैं

दंपती ने अपनी बचत लिक्विडेट कर अलग-अलग बैंक खातों से 76 लाख रुपए आरोपियों के बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए। पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी की रकम एक बैंक खाते में पहुंचने के बाद उसी दिन आरटीजीएस के जरिए दूसरे खाते में और अगले दिन अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी गई। पुलिस टीम ने बैंकिंग ट्रेल का तत्काल विश्लेषण करते हुए संबंधित बैंकों से समन्वय किया और करीब 50 लाख रुपए होल्ड करवाने में सफलता हासिल की।

जांच में सामने आया कि सतपाल सिंह कपड़ा निर्माण एवं सिलाई के व्यवसाय से जुड़ा है। उसने अपनी कंपनी के कर्मचारी और मैनेजर अखंड प्रताप सिंह के बैंक खातों की जानकारी साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराई। इन खातों में ठगी की 10 लाख और 7 लाख रुपए की रकम पहुंची थी। रकम निकलवाने और अन्य खातों में ट्रांसफर कराने में भी सतपाल की भूमिका सामने आई। पुलिस के अनुसार उसने कमीशन के लालच में साइबर ठगी की रकम के लेन-देन में सहयोग किया।

पुलिस ने बैंकिंग ट्रेल के आधार पर दिल्ली-एनसीआर में दबिश देकर अखंड प्रताप सिंह उर्फ शानू सिंह निवासी गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश और सतपाल सिंह निवासी गाजीपुर, दिल्ली को शुक्रवार रात गिरफ्तार किया। दोनों से पूछताछ कर साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क और अन्य आरोपियों की भूमिका का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## सांस्कृतिक विरासत बचाने के लिए आज निकलेगी रैली

**जयपुर** । जयपुर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को बचाने और परकोटा क्षेत्र से बहुसंख्यक वर्ग के पलायन को रोकने की मांग को लेकर युवा शक्ति मंच राजस्थान की ओर से रविवार को विशाल 'जन आक्रोश रैली' निकाली जाएगी। इस रैली में 2100 महिलाएं नेतृत्व करेंगी, जबकि हजारों युवाओं के साथ 10 हजार दुपहिया और 500 चौपहिया वाहनों के शामिल होने का दावा आयोजकों ने किया है। युवा शक्ति मंच के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि रैली रविवार सुबह 11 बजे खोले के हनुमानजी मंदिर से रवाना होगी व अल्बर्ट हॉल,रामनिवास बाग पहुंचकर इसका समापन किया जाएगा। शेखावत ने बताया कि रैली का प्रमुख आकर्षण 2100 महिलाओं का नेतृत्व होगा। इसके माध्यम से महिला सशक्तीकरण का संदेश देने के साथ जयपुर की सांस्कृतिक पहचान से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। रैली में जयपुर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जयपुर केवल एक शहर नहीं,बल्कि ऐतिहासिक इमारतों, धार्मिक स्थलों, कला और परंपराओं के कारण विश्वभर में विशेष पहचान रखता है।

# लोगों के फोन से टैक्सी बुक करके कार चुराने वाला पकड़ा

**जयपुर** । जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की टैक्सी कार बरामद की है। आरोपी टैक्सी चालकों और राहगीरों को बातों में उलझाकर उनके मोबाइल हासिल करता और ऑनलाइन ठगी व वारदात को अंजाम देता था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजिता शर्मा ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर कुलदीप भाटवानी निवासी सोडाला जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सोडाला थाने में दो, जवाहर सर्किल थाने में एक और विद्याधर नगर थाने में एक मामला दर्ज है। पुलिस मामले में आगे पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी जोमैटो और रैपिडो चालकों को बातचीत में उलझाकर उनके मोबाइल लेकर घर पर बात करने का बहाना करता था। इसके बाद मोबाइल का पासवर्ड रिसेट कर उनके खातों से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कर देता था। इसके अलावा राह चलते लोगों से मोबाइल लेकर उसी मोबाइल से ओला-उबर बुक करता और वारदात के बाद पुलिस तक पहुंचने से बचने के लिए बुकिंग में इस्तेमाल नंबर के धारक को ही फंसाने का प्रयास करता था। पुलिस के अनुसार रौकी बैरवा ने 29 मई 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने किसी अन्य व्यक्ति के मोबाइल से उसकी टैक्सी बुक की और सुबह छह बजे जीटी की ओर लाकर कार लूट ली।

# 5 लाख रु. की नकली और प्रतिबंधित दवाएं जब्त

## मुहाना और सांगानेर के 5 मेडिकल स्टोर्स पर छापा, लाइसेंस भी निलंबित किए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । अवैध, नकली, प्रतिबंधित और बिना लाइसेंस दवाओं की बिक्री के खिलाफ जयपुर दक्षिण पुलिस और औषधि नियंत्रण विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुहाना और सांगानेर सदर थाना क्षेत्रों में पांच मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। कार्रवाई में करीब पांच लाख रुपए कीमत की संदिग्ध, प्रतिबंधित और बिना बिल की दवाएं बरामद की गईं। जांच के दौरान दवाओं की खरीद-बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज और आवश्यक रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के निर्देश पर ड्रग कंट्रोलर मदन मोहन सिंघल तथा मुहाना थानाधिकारी देवेंद्र सिंह और सांगानेर सदर थानाधिकारी धर्म सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर टोंक रोड स्थित अभि मेडिकल एंड जनरल स्टोर, श्रीराम की नांगल स्थित शुभम मेडिकल एंड जनरल स्टोर, हाज्यावाला स्थित बालाजी मेडिकल, गोविंदपुरा स्थित श्री श्याम मेडिकोज और वाटिका रोड स्थित देवेश मेडिकल एजेंसी की जांच की।

तलाशी के दौरान मेडिकल स्टोरों पर बड़ी मात्रा में नकली, प्रतिबंधित और बिना बिल की दवाएं मिलीं। इनकी बाजार कीमत करीब पांच लाख रुपए आंकी गई। संचालक दवाओं की खरीद-बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज, ड्रग लाइसेंस और आवश्यक रिकॉर्ड जांच टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने संबंधित दुकानों और गोदामों को सील करते हुए लाइसेंस निलंबित कर दिए। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

पुलिस के अनुसार नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'मिशन जागृति' अभियान के तहत 13 अप्रैल से 31 जुलाई तक 81 प्रकरण दर्ज कर 83 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और पार्षदों के सहयोग से 'अपना वार्ड नशामुक्त वार्ड' अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान करीब तीन हजार लोगों तक जागरूकता संदेश पहुंचाया गया।

अभियान की हेल्पलाइन पर मिली 102 शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत 18 मामले दर्ज किए गए और 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विभिन्न तिथियों में करीब 5.60 करोड़ रुपए कीमत के अवैध मादक पदार्थों का निस्तारण भी किया गया।

पुलिस के मुताबिक वर्ष 2026 में अब तक एनडीपीएस मामलों में 26 वाहन और करीब 3.89 करोड़ रुपए कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं। अभियान के दौरान एनडीपीएस एक्ट के मामलों में कुल 80 हजार रुपए के 10 इनामी अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया।

# 6900 लीटर संदिग्ध मूंगफली तेल सीज

**जयपुर** (कासं)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग ने शनिवार को प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन कार्रवाई की। जयपुर में 6900 लीटर संदिग्ध मूंगफली तेल सीज किया गया, जबकि विभिन्न जिलों में करीब 1150 किलो/लीटर अमानक एवं दूषित खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई।

विभाग की टीमों ने प्रदेशभर में 60 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 101 नमूने लिए। जयपुर के गोविंद नगर स्थित एक प्रतिष्ठान से कम कीमत पर बिक रहे मूंगफली तेल में मिलावट की आशंका पर नमूने लिए गए और 6900 लीटर तेल सीज कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। कार्रवाई के दौरान उदयपुर में 600 लीटर संदिग्ध दूध, जबकि विभिन्न जिलों में 265 किलो बासी एवं दूषित मिठाइयां, 148 किलो दुग्ध उत्पाद एवं मावा तथा 65 किलो संदिग्ध घी और खाद्य तेल नष्ट कराया गया। अन्य जिलों में भी 72 किलो खाद्य सामग्री नष्ट की गई।



# झपट्टा मारकर बिजनेसमैन से दो लाख रुपए से भरा बैग लूटा

**जयपुर** । सदर थाना इलाके में दुकान बंद कर घर लौट रहे बिजनेसमैन से दो बदमाश करीब 2 लाख रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़ित ने सदर थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

एसआई दिनेश ने बताया कि पावर हाउस रोड निवासी राजू अग्रवाल (50) रेलवे स्टेशन के पास सिगरेट-गुटखा की दुकान चलाते हैं। पीड़ित राजू अग्रवाल और उनके भाई चिरंजीलाल ने दुकान बंद की और कपड़े का बैग हाथ में लेकर घर के लिए रवाना हुए। इस दौरान तंवर गेस्ट हाउस के पास पहुंचते ही पीछे से दो युवक दौड़ते हुए आए। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके हाथ से बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। वारदात के दौरान बैग में दुकान के पूरे दिन का करीब 2 लाख रुपए का कलेक्शन रखा हुआ था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

# तेज रफ्तार थार ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को कुचला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मालवीय नगर इलाके में तेज रफ्तार नीली थार ने स्कूटी सवार 62 वर्षीय बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल बुजुर्ग की एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं इस हादसे के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त थार को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

मालवीय नगर थानाधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि मृतक की पहचान छाजू सिंह (62) के रूप में हुई है। वे मूल रूप से प्रेमपुरा, दौसा के रहने वाले थे और वर्तमान में बाईजी की कोठी, झालाना डूंगरी में रह रहे थे। छाजू सिंह एक हॉस्टल में गार्ड की नौकरी करते थे। पुलिस के अनुसार छाजू सिंह पिछले दो-तीन दिन से बीमार थे और उन्हें खांसी-जुकाम की शिकायत थी। जो स्कूटी से दवाई लेने जयपुरिया अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान सरस पुलिया के पास तेज रफ्तार थार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि छाजू सिंह उछलकर सड़क पर जा गिरे। इसके बाद वे करीब 50 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। हादसे में उनकी पसलियों सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्कूटी को टक्कर मारने के बाद थार भी अनियंत्रित हो गई। एसयूवी सड़क

- हादसे में गंभीर घायल बुजुर्ग की एसएमएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।
- टक्कर मारने के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया, पुलिस ने गाड़ी जब्त कर चालक की तलाश शुरू की

किनारे लगे खंभे से टकराई और उसे तोड़ते हुए काफी दूर तक चली गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छाजू सिंह को एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल थार को जब्त कर लिया है। चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस हादसे की परिस्थितियों की भी जांच कर रही है।

# रैली के चलते ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**जयपुर** । शहर में रविवार को प्रस्तावित रैली के मद्देनजर जयपुर यातायात पुलिस ने सुगम यातायात व्यवस्था के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। रैली खोले के हनुमानजी से रवाना होकर शहर के प्रमुख बाजारों और चौपड़ों से होते हुए रामनिवास बाग स्थित यूनियन फुटबॉल ग्राउंड पहुंचेगी। रैली के दौरान परकोटे सहित कई प्रमुख मार्गों पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा।

यातायात पुलिस ने आमजन से रैली के दौरान परेशानी से बचने के लिए वैकल्पिक और समानांतर मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। रैली दोपहर 1 बजे खोले के हनुमानजी से रवाना होकर बदनपुरा, गंगापोल, सुभाष चौक, चांदी की टकसाल, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया टी-पॉइंट, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, यादगार तिराहा, रामनिवास बाग चौराहा होते हुए यूनियन फुटबॉल ग्राउंड पहुंचेगी। दिल्ली रोड से जयपुर की ओर आने वाले वाहनों को यातायात दबाव के अनुसार धोबीघाट, लडवा मोड़ और आमेर तिराहे की ओर डायवर्ट किया जाएगा। भारी वाहनों को चंदवाजी तिराहे से एक्सप्रेस हाईवे, रोड नंबर-14 और 200 फीट चौराहे की ओर भेजा जाएगा। रैली के प्रमुख चौपड़ों और बाजारों में पहुंचने से पहले संबंधित संपर्क मार्गों से वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। सांगानेरी गेट, घाटगेट, गलता गेट, अजमेरी गेट से परकोटे में वाहनों का प्रवेश आवश्यकता के अनुसार रोका जाएगा।

# सवाल उठाने वालों को दबा रही सरकार : जूली

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था की अनदेखी करने और सवाल उठाने वाली आवाजों को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विद्यालय और शिक्षा ही युवाओं में सवाल पूछने की क्षमता व चेतना विकसित करते हैं, लेकिन सरकार अपनी नाकामियों का जवाब देने के बजाय सवाल करने वालों को दबाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्रों और युवाओं के अधिकारों की आवाज लगातार उठा रहे हैं।

जूली ने चीनी के बढ़ते दामों को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले एक पखवाड़े में चीनी के दाम करीब 20 रुपए प्रति किलो बढ़े हैं, जबकि रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे त्योहार सामने हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता का दावा करने वाली सरकार के कार्यकाल में देश को चीनी आयात करने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में देशभर में

- नेता प्रतिपक्ष जूली ने चीनी के बढ़ते दामों को लेकर भी निशाना साधा

करीब 94 हजार सरकारी स्कूल बंद हुए हैं। वर्ष 2014-15 में 11.07 लाख सरकारी स्कूल थे, जो 2024-25 में घटकर 10.13 लाख रह गए। इसी अवधि में सरकारी स्कूलों में नामांकन भी 26.95 करोड़ से घटकर 24.69 करोड़ रह गया। जूली ने राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था पर भी चिंता जताते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों की जर्जर इमारतों के लिए करीब 20 हजार करोड़ रुपए की जरूरत है, लेकिन बजट में पर्याप्त प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कोटा में भी कई सरकारी स्कूलों में बच्चे बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पेड़ की छांव और टीन शेड के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जो सरकार जनता और विपक्ष के सवालों का सामना नहीं कर सकती, वह भला नहीं कर सकती।

# कांग्रेस से पार्षद की टिकट मांगने उमड़े दावेदार

**जयपुर** । नगर निगम चुनाव की सरगर्मियों के बीच कांग्रेस में टिकट की दावेदारी ने सियासी हलचल तेज कर दी है। शनिवार को जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा के निवास पर हजारों टिकट दावेदारों और उनके समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से लेकर शाम तक लगातार पहुंच रहे कार्यकर्ताओं, दावेदारों और समर्थकों की भारी भीड़ ने क्षेत्र में राजनीतिक माहौल को गरमा दिया।

जयपुर नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे "मिशन 100" को भी इस बढ़ती राजनीतिक सक्रियता से बल मिलता नजर आ रहा है। टिकट के लिए बड़ी संख्या में सामने आ रहे दावेदारों को कांग्रेस अपने पक्ष में बढ़ते जनाधार और संगठनात्मक सक्रियता के रूप में देख रही है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा के निवास पर शनिवार को दिनभर दावेदारों का आना-जाना लगा रहा। टिकट के दावेदार अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और अपनी-अपनी दावेदारी को मजबूत करने का प्रयास किया। कई वार्डों से संभावित प्रत्याशियों के साथ स्थानीय कार्यकर्ता और समर्थक भी पहुंचे।

कांग्रेस का कहना है कि टिकटार्थियों और उनके समर्थकों की इतनी बड़ी संख्या में मौजूदगी इस बात का संकेत है कि जयपुर शहर में पार्टी के प्रति कार्यकर्ताओं और आमजन का भरोसा बढ़ रहा है। पार्टी नेताओं के अनुसार नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साह में हैं और हर वार्ड में चुनावी तैयारियां तेज कर दी गई हैं।



जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा के आवास पर शनिवार को जयपुर नगर निगम से चुनाव के लिए दावेदार और समर्थकों भीड़ उमड़ी।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि जयपुर नगर निगम चुनावों के लिए कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। पार्टी का लक्ष्य 'मिशन हंड्रेड' के जरिए अधिक से अधिक सीटें जीतकर नगर निगम में बहुमत हासिल करना है। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण में पार्टी की जीत की संभावना, जनाधार और संगठन के लिए किए गए कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। राजनीतिक जानकारों के अनुसार टिकट की दावेदारी के लिए उमड़ रही भीड़ को कांग्रेस संगठन की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। नगर निगम चुनाव की घोषणा से पहले ही कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों ने अपने-अपने स्तर पर चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। ऐसे में कांग्रेस के टिकटार्थियों की बढ़ती सक्रियता ने जयपुर शहर की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है।

## सार-समाचार

### 'राव' शिवराज पाल सिंह को नागरी तुलसी सारस्वत सम्मान से नवाजा




**जयपुर** । राजस्थान के करौली जिले के इनायती गांव निवासी वरिष्ठ साहित्यकार 'राव' शिवराज पाल सिंह को नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया की ओर से तुलसी जयंती समारोह में 'राजस्थान के नागरी तुलसी सारस्वत सम्मान' से सम्मानित किया गया। समारोह में उनके सम्मान में प्रशस्ति पत्र पढ़ा गया तथा स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में राव शिवराज पाल सिंह ने गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य में लोक रंजन, लोक मंगल और 'स्वांतः सुखाय' की अवधारणा पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने अपने समय के अंधकारमय दौर में भगवान राम को आदर्श के रूप में प्रस्तुत कर समाज को निराशा से उबारने का कार्य किया। मुख्य वक्ता विद्या वाचस्पति डॉ. विद्यासागर उपाध्याय ने तुलसीदास के साहित्य, समाज पर उसके प्रभाव और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम से पूर्व वर्तमान साहित्य जगत की स्थिति और सृजन को लेकर विद्वानों की परिचर्चा भी हुई। इस अवसर पर राव शिवराज पाल सिंह ने अपनी प्रकाशित पुस्तकों का एक सेट नागरी प्रचारिणी सभा के आर्यभाषा पुस्तकालय एवं वाचनालय के लिए सभा के अध्यक्ष डॉ. जयनाथ मणि त्रिपाठी और मंत्री डॉ. अनिक कुमार त्रिपाठी को भेंट किया। नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया की स्थापना वर्ष 1915 में हुई थी और यह देश की प्राचीन साहित्यिक संस्थाओं में शामिल है। संस्था द्वारा वर्षभर साहित्यिक आयोजनों और मासिक साहित्य गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के पूर्व भी एक विशेष सत्र में डॉ. इंद्र कुमार दीक्षित, डॉ. दिवाकर प्रसाद तिवारी, डॉ. अनिक कुमार त्रिपाठी, डॉ. कुशवाह, डॉ. विद्यासागर उपाध्याय एवं क्षमा श्रीवास्तव के साथ वर्तमान साहित्य जगत की हालात एवं सृजन पर बहुत महत्वपूर्ण परिचर्चा हुई। 'राव' ने भी अपनी प्रकाशित पुस्तकों का एक सेट नागरी प्रचारिणी सभा के आर्यभाषा पुस्तकालय एवं वाचनालय के लिए सभा के 92 वर्षीय अध्यक्ष डॉ. जयनाथ मणि त्रिपाठी एवं मंत्री डॉ. अनिक कुमार त्रिपाठी को भेंट की।

### क्वांटम तलाशेगा फ्लेक्सी कैप फंड

**मुंबई** । क्वांटम म्यूचुअल फंड ने "क्वांटम फ्लेक्सी कैप फंड" लॉन्च किया है। यह योजना लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों में निवेश करेगी। फंड की टीम बाजार और उद्योगों में बदलते मुनाफे के अवसरों की पहचान कर निवेश का संतुलन तय करेगी। फंड ग्रोथ एट ए रिसनेबल प्राइस (जीएआरपी) रणनीति के तहत कंपनियों की कारोबारी गुणवत्ता, प्रबंधन, आय, बैलेंस शीट और मूल्यांकन को ध्यान में रखेगा। इसका एनएफओ 21 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक खुला रहेगा और न्यूनतम निवेश 500 रुपए होगा। योजना में खरीद-बिक्री 11 सितंबर से शुरू होगी। क्वांटम म्यूचुअल फंड के सीआईओ एवं फंड मैनेजर चिराग मेहता ने कहा कि भारत में आर्थिक, तकनीकी और नीतिगत बदलाव कई उद्योगों में मुनाफे की दिशा बदल रहे हैं। फंड रिसर्च के आधार पर ऐसे अवसरों की पहचान कर उचित मूल्यांकन वाली कंपनियों में निवेश पर ध्यान देगा। क्वांटम एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीमंत शुक्ला ने कहा कि करीब दो साल बाद नया एनएफओ लॉन्च किया गया है, जिसे निवेशकों के पोर्टफोलियो में सार्थक मूल्य जोड़ने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### वीजी स्मार्ट टीवी की बिक्री 200 करोड़ पार

**जयपुर** । डिश टीवी समूह के कनेक्टेड मनोरंजन पोर्टफोलियो का हिस्सा वीजी स्मार्ट टीवी ने शुरुआत के पहले ही वर्ष में 200 करोड़ रुपये से अधिक की कुल बिक्री दर्ज की है। कंपनी के अनुसार, यह उपलब्धि डीटीएच कारोबार से आगे बढ़कर कनेक्टेड मनोरंजन के क्षेत्र में विस्तार की रणनीति को मजबूती देती है। वीजी स्मार्ट टीवी में लाइव टीवी, ओटीटी ऐप्स, एवीओडी सामग्री और स्मार्ट कंटेंट खोज की सुविधा एक ही मंच पर उपलब्ध है। चुनिंदा मॉडलों की खरीद पर 30 हजार रुपये तक के विशेष सामग्री लाभ भी दिए जा रहे हैं। कंपनी के अनुसार, मजबूत वितरण नेटवर्क और खुदरा भागीदारों के माध्यम से वीजी की पहुंच बड़े शहरों के साथ द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों तक बढ़ी है। डिश टीवी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी निदेशक मनोज डोभाल ने कहा कि 200 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री भारतीय ग्राहकों के बीच कनेक्टेड मनोरंजन की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि वीजी स्मार्ट टीवी डिश टीवी समूह को मजबूत कनेक्टेड मनोरंजन समूह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### होर्डिंग-बैनर हटाने में जुटा नगर निगम

**जयपुर** । नगरीय निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके साथ ही नगर निगम जयपुर की टीमें शहर में सक्रिय हो गई हैं। निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर शनिवार को जोन स्तर पर अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और कटआउट हटाए गए। निगम की टीमों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्रवाई की थी। वहीं अकेले मानसरोवर जोन में 225 से अधिक होर्डिंग हटाए गए। राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 309 नगरीय निकायों में आम चुनाव के लिए चरणवार कार्यक्रम घोषित किया है। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई, जो चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेगी। निगम आयुक्त ओम कसेरा के अनुसार आचार संहिता लागू होने के बाद नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर लगे चुनावी प्रचार से संबंधित होर्डिंग, पोस्टर, बैनर और कटआउट हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। जोन स्तर पर निगम की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रचार सामग्री हटाई जा रही है। चुनाव प्रचार के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के लिए जिला मजिस्ट्रेट, उपखंड मजिस्ट्रेट अथवा अन्य सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। चुनाव प्रचार के लिए वाहनों के इस्तेमाल की अधिकतम सीमा भी निर्धारित की गई है। प्रचार में वाहन लगाने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से लिखित अनुमति लेना जरूरी होगा। इसके लिए वाहन का पूरा विवरण देना होगा। नगर निगम और प्रशासन की टीमें आचार संहिता के दौरान प्रचार सामग्री के साथ वाहनों और लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी निगरानी रखेंगी।

### पिछवाई कला की दुर्लभ प्रदर्शनी सजी

**जयपुर** । जन्माष्टमी के अवसर पर आईसीए गैलरी एवं दर्शनम की ओर से 'पिछवाई थ्रू द एजेज़: आर्ट एंड वर्शिप' प्रदर्शनी शुरू की गई। इसमें 200 वर्ष से अधिक पुरानी करीब 70 दुर्लभ पिछवाई कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी में श्रीनाथजी की भक्ति और नाथद्वारा की परंपरा के साथ बूंदी, किशनगढ़, कोटा और रूपनगढ़ चित्र शैलियों की झलक देखने को मिल रही है। कलाकृतियों में सोने-चांदी के काम, प्राकृतिक रंगों, हस्त कढ़ाई और पारंपरिक शिल्प का प्रयोग किया गया है। प्रदर्शनी 10 सितंबर तक कला प्रेमियों और संग्रहकर्ताओं के लिए खुली रहेगी।

### श्रेष्ठ फोटोग्राफर्स का सम्मान किया

**जयपुर** । रोटरी क्लब जयपुर की साप्ताहिक बैठक का आयोजन विश्व फोटोग्राफी दिवस पर रोटरी हॉल में किया गया। इस अवसर पर फोटोग्राफी के महत्व को रेखांकित करते हुए जहाँ जयपुर के तीन वरिष्ठ फोटोग्राफरों का सम्मान किया गया, वहीं 100 वर्ष से भी अधिक पुराने दुर्लभ कैमरों की प्रदर्शनी आयोजित कर फोटोग्राफी के स्वर्णिम इतिहास को जीवंत किया गया। कार्यक्रम संयोजक पूर्व क्लब अध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने बताया कि फोटोग्राफी केवल तस्वीरों को कैद करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह इतिहास, कला, संस्कृति और अनकही संवेदनाओं को अमर बनाने का एक सशक्त जरिया है। फोटो जर्नलिज्म और फोटोग्राफी के जरिए बिना किसी भाषा के भी समाज के सत्य और मानवीय पहलुओं को अभिव्यक्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान फोटोग्राफी के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले शहर के तीन प्रतिष्ठित फोटोग्राफरों भागीरथ बस्नेट, मनोज कुमार श्रेष्ठ और टीकम चंद को क्लब अध्यक्ष श्रीकिशन शर्मा ने साफा पहनाकर, शिल्पा बेंद्रे, शांति लाल गंगवाल ने प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया गया।